| Date | Edition | Publication | Page no. |
|---|---|---|---|
| 27th August 2014 | New Delhi | Rashtriya Sahara | 05 |

# ‘इंडिया इलेक्ट्स-2014’ पुस्तक का विमोचन

**नई दिल्ली।** चुनावी विश्लेषण करने वाला पोर्टल इलेक्शन इंडिया डाट कॉम की ओर से मंगलवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक समारोह में ‘इंडिया इलेक्टस-2014’ पुस्तक जारी की गई। इसका विमोचन पूर्व चुनाव आयुक्त डा. एसवाई कुरैशी ने किया। इस मौके पर डाटानेट इंडिया के निदेशक डा. आरके ठुकराल ने इस पुस्तक की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में वर्ष 2009 और 2014 के चुनावों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के मतदाताओं की संख्या अमेरिका और पश्चिमी यूरोप की संयुक्त आबादी से भी अधिक है।